विवरण

प्रस्ताव का नाम	जिला	क्षेत्र
		हैक्टेयर
1. अल्मोड़ा मेग्नेसाइट लि0 के पक्ष में खनन पट्टे का नवीकरण	अल्मोड़ा	111.87
2. मदनावेली डोबनास मोटर रोड का निर्माण	पिथौरागढ़	3.915
3. बंडल माला ग्राम समूह	पौड़ी	0.0212
4. सैटेलाइट स्टेशन	उत्तराकाशी	0.2
5. सिदारवाला खादारी नहर	देहरादून	0.40
6. रिपोर्टिंग पुलिस पोस्ट	पौड़ी	0.1
7. पी.डी.एल. से मलाकोट तक हल्के वाहन (लाइट व्हीकल) रोड	पिथौरागढ़	3.7539
8. रिपोर्टिंग पुलिस पोस्ट सनेह	पौड़ी	0.1
9. जमेरा डी.डब्ल्यू.एस.एस.	नैनीताल	0.024
10. लखमोली हिसारियाखल जामरीखल हल्के मोटर वाहन रोड	टिहरी	3.363
11. पदमपुरी थाना चुली से जानकंडा तक हल्के वाहन मोटर रोड	पिथौरागढ़	0.37

वन क्षेत्र को बढ़ाने हेतु जैविक प्रौद्योगिकी को अपनाया जाना

4114. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वन क्षेत्र को बढ़ाने हेतु कोई नई जैविक प्रणाली अपनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और नई प्रणाली के अंतर्गत कितना क्षेत्र राज्यवार शामिल किया गया है ; और

(ग) इस योजना के अंतर्गत वन क्षेत्र के लिये कितना क्षेत्र निर्धारित किया गया है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमलनाथ) : (क) से (ग). माइकोरिजा औररिजोविया की मृदा में मिलाकर पुनरुद्धार की जैविक विधि, वृक्षारोपणों में काफी सफल रही है। इस प्रौद्योगिकी को परती भूमि तथा मरुस्थलों में लवण-सहृय प्रजातियों जैसे नीम, बबूल, यूकेलिप्टस, एट्रिप्लेक्स, जिजीफस आदि उगाने में सफलतापूर्वक प्रयोग में लाया गया है ।

लवणीय मिट्टी वाले विभिन्न राज्यों में इस प्रौद्योगिकी के प्रचार के लिए भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् वनपालों, वैज्ञानिकों आदि को प्रशिक्षण देती है । प्रारम्भ में, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश राज्यों में इस प्रौद्योगिकी

के प्रचार-प्रसार के लिए भूखण्डों पर प्रदर्शन शुरू करना चाहती है ।

Adoption of clean technologies by small scale industries

4115. SHRI IQBAL SINGH:
SHRI SURESH PACHOURI:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether any steps are being taken to promote the adoption of clean technologies by small scale industries;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) and (b) The Ministry of Environment and Forests has initiated "Scheme or Adoption of Clean Technology in the Small Scale Industries". The main objectives of this scheme include the following:

(1) To encourage modernisation of existing industrial units in the small scale sector by assisting small scale industires in the adoption of cleaner technologies.

(2) To create awareness among the small scale entrepreneurs and the staff of the prospective/existing units regarding adoption of pollution abatement measures.

(3) Identification, development and diffusion of clean technology by the research institutions.

(c) Does not arise.

गुजरात में जामनगर के गुरगढ़ क्षेत्र में प्रदूषण

4116. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में जामनगर के गुरगढ़ क्षेत्र में स्थित उद्योगों के कारण पर्यावरण दिन प्रतिदिन प्रदूषित हो रहा है ;

(ख) यदि हां, तो वातावरण को प्रदूषित करने वाले उद्योगों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि नमक उत्पादन के लिए इस क्षेत्र के खारा पानी लाए जाने के कारण, हजारों एकड़ भूमि नष्ट हो गई हैं ; और

(घ) इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमलनाथ) : (क) गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार गुजरात में जामनगर के गुरगढ़ क्षेत्र में अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इस क्षेत्र में खारे पानी को लाए जाने और भूमि के विनाश के बारे में कोई सूचना नहीं है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।